


दैनिक

# हलचल बीकाणा

वर्ष -12 अंक 201, बीकानेर,गुरुवार 3 सितम्बर 2026 मूल्य -3/-







## कांग्रेस शहर अध्यक्ष के साथ मारपीट,पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा पुलिस अविलंब गिरफ्तार करे

**बीकानेर** @ हलचल बीकाणा । बीकानेर शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष और पूर्व IPS अफसर मदन गोपाल मेघवाल के साथ बुधवार को हुई मारपीट की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने के लिए कहा है।

गौरतलब है कि मेघवाल बुधवार को वार्ड 50 से कांग्रेस प्रत्याशी नवरतन डागा के कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने चांटे और मुक्के मारे। माला पहनाने व स्वागत करने के बहाने बाहर बुलाया-मेघवाल अनुसार उन्हें मोहित अरोड़ा और उनके तीन साथियों ने माला पहनाने व स्वागत करने के बहाने डागा के कार्यालय से बाहर बुलाया। इसके बाद पूछा- 'मुझे टिकट क्यों नहीं दिया।' फिर चारों ने मिलकर हमला कर दिया। मेघवाल का आरोप है कि हमलावर कांग्रेस कार्यकर्ता थे। इस घटना से पार्टी ने साबित कर दिया कि हम गुंडों को टिकट नहीं देते ।

बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मदन गोपाल मेघवाल के साथ की गई मारपीट बेहद दुखद है और इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ। इस प्रकार का व्यवहार, हरकत अनुशासनहीता है और अस्वीकार्य है। जिन भी युवकों ने श्री मेघवाल के साथ मारपीट की है वो कांग्रेसी नहीं हो सकते क्योंकि यह शर्मनाक हरकत कांग्रेस की संस्कृति और विचारधारा के खिलाफ है। पुलिस को अविलंब इन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई करनी चाहिए। **- अशोक गहलोत,पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान**

### मारपीट के मामले में पुलिस ने चार गिरफ्तार

**बीकानेर @ हलचल बीकाणा ।**नगर निगम चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस के भीतर चल रहा विवाद अब कार्रवाई के दौर में पहुंच गया है। कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी मदन गोपाल मेघवाल से मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला बुधवार को वार्ड संख्या 50 में कांग्रेस प्रत्याशी नवरतन डागा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सामने आया था। टिकट को लेकर सवाल-जवाब के दौरान उनके साथ चार युवकों ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की।घटना के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया था।

### मंत्री गोदारा ने कांग्रेस अध्यक्ष पर हमले की निंदा की

बीकानेर @ हलचल बीकाणा ।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के साथ बुधवार को हुई मारपीट की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इसे किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री गोदारा ने इस संबंध में बताया कि उन्होंने पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की है।

### जेएनवी थाने में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एफआईआर

बीकानेर। मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से जेएनवी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मदन मेघवाल की रिपोर्ट पर नामजद मामला दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 189(2) सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(r), 3(1)(s), 3(2)(va) के तहत केस दर्ज किया है। जांच बीकानेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है।

दूसरी ओर, मोहित अरोड़ा की शिकायत पर जेएनवी पुलिस ने शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष और समर्थकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। मोहित ने मदन गोपाल मेघवाल और उनके साथ मौजूद करीब 20-25 लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और धक्का-मुक्की करने के आरोप लगाए हैं।


### घटना के पीछे किसी बड़े नेता का हाथ होने का आरोप

**बीकानेर @ हलचल बीकाणा।** घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला और देहात कांग्रेस अध्यक्ष किशनाराम सियाग मौके पर पहुंचे। घटना पर आक्रोश जताते हुए किशनाराम सियाग ने सीधे सवाल उठाया कि इतनी गंभीर घटना और हमले के पीछे पार्टी के किसी बड़े नेता का हाथ होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

सियाग ने कहा कि बड़े संरक्षण के बिना शहर अध्यक्ष पर इस तरह हमले की हिम्मत नहीं हो सकती। उन्होंने पूरी घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर जयपुर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को भेजे जाने की बात कही।

अब दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है। पुलिस जांच में यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि विवाद की शुरुआत किस बात को लेकर हुई और मारपीट की घटना में किसकी क्या भूमिका रही।

### वार्ड नंबर 70 में संजय स्वामी ने ठोकी ताल विकास और ईमानदारी को बनाया मुद्दा



बीकानेर @हलचलबीकाणा। नगर निगम बीकानेर चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 70 में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वार्ड 70 से स्वतंत्र प्रत्याशी संजय स्वामी ने चुनाव मैदान में उतरते हुए मतदाताओं से समर्थन की अपील की है। उन्होंने चुनाव प्रचार में विकास, विश्वास और ईमानदारी को प्रमुख मुद्दा बनाया गया है।

संजय स्वामी ने"वार्ड 70 की नई पहचान" बनाने और क्षेत्र के विकास का संकल्प व्यक्त किया गया है।वे जनसम्पर्क के दौरान समस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने । जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का दावा कर रहे है । युवा प्रत्याशी के रूप में पेश की जा रही पहचान-संजय स्वामी के प्रचार अभियान में युवा नेतृत्व पर विशेष जोर दिया गया है। वे वार्डवासियों के बीच से निकलने वाले युवा प्रत्याशी के रूप में प्रस्तुत करते हुए "विकास, विश्वास और ईमानदारी के साथ" का संदेश देने में लगे हुए है। वार्ड में चुनावी मुकाबला जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, प्रत्याशियों के प्रचार अभियान और स्थानीय मुद्दे भी चर्चा के केंद्र में आने की उम्मीद है।

-

### <u>नोखा निकाय चुनाव</u>

### 10 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए अब 45 वार्डों में 176 प्रत्याशी मैदान में




**नोखा @हलचल बीकाणा ।** नोखा नगर पालिका चुनाव में 10 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। जारी लिस्ट के मुताबिक, नामांकन वापस लेने वाले सभी प्रत्याशी निर्दलीय थे। इनमें वार्ड 1 से दो प्रत्याशी शामिल थे, जबकि वार्ड 10, 11, 19, 28, 30, 33, 34 और 35 से एक-एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया।

नामांकन वापस लेने वालों में वार्ड 1 से दशरथ और रामदयाल भांभू थे।

वार्ड 10 से ज्योति, वार्ड 11 से प्रमोद बाकोलिया, वार्ड 19 से हेतराम, वार्ड 28 से गायत्री सिंवर, वार्ड 30 से सुमन, वार्ड 33 से मुस्लिम अली, वार्ड 34 से राधेश्याम और वार्ड 35 से सुशीला देवी शामिल हैं। नामांकन वापसी के बाद अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर और साफ हो गई है। पहले जांच के बाद 186 प्रत्याशी मैदान में थे। अब नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों की संख्या 176 रह गई है। हालांकि, अंतिम लिस्ट चुनाव विभाग की तरफ से जारी होने के बाद ही पूरी तरह साफ होगी। गुरुवार को नामांकन वापसी का आखिरी दिन है।

### मिलिट्री स्टेशन पर खुला विवि का अध्ययन एवं परीक्षा केंद्र स्थापित

**केंद्र के माध्यम से सैन्यकर्मी ड्यूटी के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे।**

**बीकानेर@हलचल बीकाणा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) की ओर से बीकानेर मिलिट्री स्टेशन में नया अध्ययन एवं परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। इस पहल से सैन्यकर्मियों और उनके आश्रितों को नौकरी एवं सैन्य ड्यूटी के साथ उच्च शिक्षा जारी रखने का अवसर मिलेगा।

सैनिकों की कठिन ड्यूटी, स्थानांतरण और लगातार बदलती तैनाती के कारण नियमित कॉलेज जाकर पढ़ाई करना आसान नहीं होता। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

केंद्र के माध्यम से सैन्यकर्मी ड्यूटी के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे। अध्ययन सामग्री और अन्य शैक्षणिक सुविधाएं दूरस्थ शिक्षा माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी।

मिलिट्री स्टेशन में तैनात जवानों को जागरूक करने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस दौरान दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई के अवसरों की जानकारी दी गई। केंद्र शुरू होने से सैनिक और उनके परिवार अपनी सुविधा के अनुसार उच्च शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ सकेंगे।

### देशनोक में पूर्व पालिकाध्यक्ष पर एसीबी का शिकंजा,एसीबी ने दर्ज की एफआईआर



बीकानेर@हलचल बीकाणा। देशनोक नगर पालिका से जुड़े कथित पट्टा प्रकरण में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने कार्रवाई का कदम आगे बढ़ाया है। धारा 17-ए की मंजूरी मिलने के बाद एसीबी ने पूर्व पालिकाध्यक्ष ओम प्रकाश मुंधड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामला नगर पालिका क्षेत्र में तीन बेशकीमती पट्टों को अपने नाम जारी करवाने से जुड़ा बताया जा रहा है।

आरोप है कि पालिका पद पर रहते हुए नियमों को दरकिनार कर इन पट्टों को जारी करवाने की प्रक्रिया अपनाई गई। एसीबी की जांच में सामने आए तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि संबंधित प्रकरण में पहले जांच प्रक्रिया चली और आवश्यक अनुमति मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की गई। अब एसीबी की जांच में पट्टों की पूरी प्रक्रिया, संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका और दस्तावेजों की वैधता को खंगाला जाएगा। जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में और लोगों की भूमिका सामने आने की संभावना भी जताई जा रही है।

### बीजेपी वार्ड 13 प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**करणीनगर में शाम 6 बजे होगा कार्यक्रम कार्यकर्ताओं और समर्थकों से पहुंचने का आह्वान**



बीकानेर@हलचलबीकाणा।

बीकानेर नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वार्ड 13 में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज शाम 6 बजे करणीनगर स्थित नरेंद्र भवन रोड पर किया जाएगा।

कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्र के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

डॉ. शेखावत ने वार्डवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का विनम्र आग्रह किया है।

### निरंतर मतदाताओं तक पहुंच रहे है डॉ. शेखावत

वार्ड 13 से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत इन दिनों क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वे वार्ड के विभिन्न मोहल्लों और क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं तथा भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान डॉ. शेखावत वार्ड की स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को लेकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। वहीं कार्यकर्ता भी उनके समर्थन में घर-घर संपर्क अभियान में जुटे हुए हैं।

# जीत के बाद सचिवालय कर्मचारियों ने किया अभिमन्यु शर्मा का अभिनंदन

## निकाय चुनाव में कार्मिकों को ड्यूटी से मुक्त रखने का दिया आश्वासन





जयपुर, 2 सितंबर@**हलचलबीकाणा ।** राजस्थान सचिवालय अधिकारी संघ के अध्यक्ष पद पर दूसरी बार निर्वाचित होने के बाद अभिमन्यु शर्मा का बुधवार को सचिवालय कर्मचारियों की ओर से कर्मचारी कैंटीन के सामने स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने शर्मा का माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा चुनाव में मिली जीत पर बधाई दी।

स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा ने अपनी जीत की रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि “चुनाव हमेशा जीत के लिए लड़ना चाहिए। मैंने भी जीत के लिए चुनाव लड़ा और सभी साथियों के सहयोग एवं विश्वास से जीत हासिल की।” उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी थे, जो उन्हें चुनाव हराने के लिए पूरी तरह सक्रिय थे, लेकिन कर्मचारियों के सहयोग के चलते उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। शर्मा ने कहा कि चुनाव में मिली जीत उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि सचिवालय के कर्मचारी साथियों के विश्वास और एकजुटता की जीत है। उन्होंने कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का भरोसा दिलाया।

**निकाय चुनाव में ड्यूटी मुक्त रखने का प्रयास-**अभिमन्यु शर्मा ने आगामी निकाय चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि सचिवालय के कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सचिवालय कर्मचारियों की विभागीय जिम्मेदारियों को देखते हुए उन्हें अनावश्यक रूप से चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने से राहत दिलाने के लिए संबंधित स्तर पर प्रभावी पैरवी की जाएगी।

**महेश व्यास ने साझा किए पुराने अनुभव-**कार्यक्रम में कर्मचारी नेता महेश व्यास ने अपने पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भैरो सिंह शेखावत के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्मचारी संगठनों से जुड़े नेताओं को कर्मचारियों के अधिकारों और हितों के लिए मजबूती से संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी नेताओं की जिम्मेदारी केवल संगठन चलाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि कर्मचारियों के हक की आवाज को मजबूती से उठाना भी उनका दायित्व है। महेश व्यास ने संगठन में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि युवा कर्मचारियों को नेतृत्व की मुख्यधारा में आगे लाने से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी।



**“चुनाव हमेशा जीत के लिए लड़ना चाहिए। मैंने भी जीत के लिए चुनाव लड़ा और सभी साथियों के सहयोग एवं विश्वास से जीत हासिल की।”**

पूर्व अध्यक्ष मीणा ने भी किया संबोधित-कार्यक्रम को कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष कजोड़मल मीणा ने भी संबोधित किया। उन्होंने अभिमन्यु शर्मा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कर्मचारियों के हितों में मजबूती से काम करने की अपेक्षा जताई। वहीं हर्षित शर्मा ने भी स्वागत कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सचिवालय कर्मचारी साथियों को आगामी निकाय चुनाव की ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग उठाते हुए कहा कि सचिवालय कार्मिकों की विशिष्ट प्रशासनिक जिम्मेदारियों को देखते हुए उन्हें चुनाव ड्यूटी से राहत मिलनी चाहिए।

कार्यक्रम में सुधीर गोयल, बुद्धि प्रकाश व्यास,आशीष बंसल, नीरज सैन दीपक शर्मा, जलज चौधरी, विजय यादव, सिद्धांत गर्ग तिलक सिंह शेखावत, प्रियंका चौधरी, वंदना खंडेलवाल, आशकारा अंसारी, तनीषा मारु सहित बड़ी संख्या में सचिवालय कर्मचारी एवं कर्मचारी संगठन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने अभिमन्यु शर्मा के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत करने तथा कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने का संकल्प व्यक्त किया।

# श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका ने शुरू किया कीटनाशक छिड़काव अभियान



श्रीडूंगरगढ़ @ हलचलबीकाणा। मौसम में बदलाव के साथ बढ़ रही मौसमी बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था के साथ कीट नियंत्रण अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत बुधवार को श्री डूंगरगढ नगरपालिका कार्मिकों ने शहर की विभिन्न नालियों और मुख्य चैंबरों में कीटनाशक का छिड़काव किया। अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत ने बताया कि मौसम परिवर्तन के साथ मच्छरों एवं अन्य कीटों के पनपने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में नगरपालिका द्वारा शहर में चरणबद्ध तरीके से कीटनाशक का छिड़काव कराया जा रहा है। स्वास्थ्य निरीक्षक कमल चांवरिया के निर्देशन में नगरपालिका कर्मचारियों ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में छिड़काव किया। चांवरिया ने बताया कि घूमचक्कर से मुख्य बाजार तक आने वाली नालियों में कीटनाशक का छिड़काव किया गया है। शहर के प्रमुख चैंबरों सहित अन्य नालियों को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। अभियान को शहर के अलग-अलग हिस्सों में आगे बढ़ाया जाएगा। नालियों और जल निकासी से जुड़े स्थानों पर नियमित रूप से कीट नियंत्रण की कार्रवाई की जाएगी, ।



# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा का बीकानेर आगमन पर भव्य स्वागत



**बीकानेर@हलचलबीकाणा**। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के बुधवार को पहली बार बीकानेर आगमन पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, विशाल माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। वहीं भाजयुमो प्रदेश महामंत्री आदित्य पुजारी का भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा ने कहा कि बीकानेर के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा जिस आत्मीयता और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया गया, वह सदैव स्मरण रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा देश की युवा शक्ति को संगठन से जोड़ने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।गौरा ने कहा कि आज देश की युवा शक्ति भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है। युवा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा, मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण के दम पर भारतीय जनता पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया। सहित सैकड़ों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजयुमो प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के पहली बार बीकानेर आगमन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजयुमो संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ कार्य करेगा।अग्रवाल ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा का मजबूत आधार है और आने वाले समय में युवाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को युवाओं के बीच प्रभावी ढंग से रखने का आह्वान किया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। प्रदेशाध्यक्ष के बीकानेर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों के साथ उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता वेद व्यास, मनीष सोनी, गोपाल अग्रवाल, नरेश नायक, मुकेश धवल, मोहित भाटी, संगीलाल गहलोत, देवेंद्र तंवर, अर्जुन कड़वासरा, राकेश डोगीवाल, सुनील मेघवाल और मदन सोनी